# हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है

हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है,
ख़ुशी छोटी सी भी छोटी तेरे खाटू से आती है,
हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है,

तू खर्चा भेजता बाबा मेरा चलता गुजारा है,
मेरा परिवार डूबा था श्याम तुमने उबारा है,
तेरी चोकठ से हर ग्यारस पूरी तन्खा भी आती है,
ख़ुशी छोटी सी भी छोटी तेरे खाटू से आती है,
हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है,

तुम्हारे ही भरोसे पे मेरा हर काम है बाबा,
मेरी हार का साथी तुम्हारा नाम है बाबा,
मेरे परिवार को हर पल तुम्हारी याद आती है,
ख़ुशी छोटी सी भी छोटी तेरे खाटू से आती है,
हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है,

बदौलत आप की बाबा बड़ी इतनी कदर मेरी,
मेहरबानी तुम्हारी है गिरी मुझपे नजर तेरी,
तेरा उपकार सोनी पर सांवरियां गीत गाती है,
ख़ुशी छोटी सी भी छोटी तेरे खाटू से आती है,
हमारे घर में भी रोटी तेरे खाटू से आती है,

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/5897/title/hamare-ghar-me-bhi-roti-tere-khatu-se-aati-hai-khushi-choti-si-bhi-choti-tere-khatu-me-aata-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |